collegebatch.com

**Series EF1GH/3**

**SET~2**

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **67/3/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

नोट / NOTE :

(i) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 39 हैं ।*
*Please check that this question paper contains **39** printed pages.*

(ii) *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
*Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

(iii) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न हैं ।*
*Please check that this question paper contains **34** questions.*

(iv) *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।*
*Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.*

(v) *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
*15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र* ***दो*** *भागों में विभाजित है —* ***भाग क*** *तथा* ***भाग ख*** *।*

*(iii)* ***भाग क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iv)* ***भाग ख*** *में दो विकल्प हैं अर्थात् — (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण, तथा (2) अभिकलित्र लेखांकन । परीक्षार्थियों को* ***भाग ख*** *में चयनित विषय के अनुसार केवल* ***एक*** *ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***16*** *तथा* ***27*** *से* ***30*** *तक* ***एक–एक*** *अंक के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***17*** *से* ***20, 31*** *तथा* ***32*** *तक* ***तीन–तीन*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***21, 22*** *तथा* ***33*** *तक* ***चार–चार*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या* ***23*** *से* ***26*** *तथा* ***34*** *तक* ***छः–छः*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि,* ***एक–एक*** *अंक के* ***7*** *प्रश्नों में,* ***तीन–तीन*** *अंकों के* ***2*** *प्रश्नों में,* ***चार–चार*** *अंकों के* ***1*** *प्रश्न में तथा* ***छः–छः*** *अंकों के* ***2*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## भाग क
## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** (i) ₹ 10 के एक अंश, जिसे ₹ 2 प्रति अंश अधिमूल्य पर निर्गमित किया गया है, जिस पर ₹ 8 प्रति अंश (प्रीमियम सहित) माँग लिए गए हैं तथा ₹ 6 प्रति अंश (प्रीमियम सहित) प्राप्त कर लिए गए हैं, का हरण कर लिया । अंश पूँजी खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाएगी : *1*

(a) ₹ 10 (b) ₹ 8

(c) ₹ 12 (d) ₹ 6

**अथवा**

(ii) ₹ 100 के एक अंश का, जिस पर ₹ 70 प्राप्त कर लिए गए हैं, ₹ 30 की अंतिम याचना का भुगतान न करने के कारण, हरण कर लिया । वह न्यूनतम राशि जिस पर इस अंश को पुनर्निर्गमित किया जा सकता है, है : *1*

(a) ₹ 70 (b) ₹ 30

(c) ₹ 100 (d) ₹ 130

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

*(iii)* ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iv)* ***Part B** has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements, and (2) Computerised Accounting. Candidates must attempt only **one** of the given options as per the subject opted in **Part B**.*

*(v)* *Questions no. **1** to **16** and **27** to **30** carry **1** mark each.*

*(vi)* *Questions no. **17** to **20, 31** and **32** carry **3** marks each.*

*(vii)* *Questions no. **21, 22** and **33** carry **4** marks each.*

*(viii)* *Questions no. **23** to **26** and **34** carry **6** marks each.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **7** questions of **one** mark, **2** questions of **three** marks, **1** question of **four** marks and **2** questions of **six** marks.*

## PART A

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** (i) A share of ₹ 10 issued at a premium of ₹ 2 per share on which ₹ 8 per share (including premium) have been called and ₹ 6 per share (including premium) is received, is forfeited. Share Capital Account will be debited by : *1*

(a) ₹ 10 (b) ₹ 8

(c) ₹ 12 (d) ₹ 6

**OR**

(ii) A share of ₹ 100 on which ₹ 70 has been received is forfeited for non-payment of final call of ₹ 30. The minimum price at which this share can be re-issued is : *1*

(a) ₹ 70 (b) ₹ 30

(c) ₹ 100 (d) ₹ 130

**2.** *अभिकथन (A) :* साझेदारों के ऋण पर ब्याज की खतौनी लाभ-हानि खाते के नाम पक्ष में की जाती है ।

*कारण (R) :* साझेदारों के ऋण पर ब्याज लाभ के विरुद्ध प्रभार है ।

उपर्युक्त अभिकथन (A) तथा कारण (R) के आधार पर निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(a) अभिकथन (A) सही है तथा कारण (R) ग़लत है ।

(b) अभिकथन (A) ग़लत है तथा कारण (R) सही है ।

(c) दोनों अभिकथन (A) तथा कारण (R) सही हैं ।

(d) दोनों अभिकथन (A) तथा कारण (R) ग़लत हैं ।

**3.** गोपाल, कृष्णा तथा गोविंद साझेदार हैं तथा 5 : 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । 1 अप्रैल, 2022 को कृष्णा सेवानिवृत्त हो गया । गोपाल तथा गोविंद ने उसे ₹ 1,20,000 का भुगतान करके लाभ में उसके भाग का क्रय कर लिया । ₹ 80,000 का भुगतान गोपाल तथा ₹ 40,000 का भुगतान गोविंद ने किया । अधिलाभ अनुपात होगा : *1*

(a) 5 : 3 (b) 4 : 3

(c) 1 : 1 (d) 2 : 1

**4.** (i) केशव तथा करण एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभों का विभाजन बराबर-बराबर कर रहे थे । फर्म के औसत लाभों का पूँजीकृत मूल्य ₹ 18,00,000 था । फर्म की परिसम्पत्तियाँ (ख्याति को छोड़कर) ₹ 20,00,000 तथा देयताएँ ₹ 5,00,000 थीं । औसत लाभों के पूँजीकरण विधि द्वारा फर्म की ख्याति का मूल्य होगा : *1*

(a) ₹ 2,00,000 (b) ₹ 3,00,000

(c) ₹ 4,00,000 (d) ₹ 3,50,000

**अथवा**

(ii) क तथा ख एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2021 को उनके पूँजी खातों में क्रमशः ₹ 1,50,000 तथा ₹ 2,00,000 के शेष थे । साझेदारी संलेख में साझेदारों की पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान था । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म को ₹ 10,000 की हानि हुई । क की पूँजी पर ब्याज होगा : *1*

(a) ₹ 15,000 (b) ₹ 9,000

(c) शून्य (d) ₹ 6,000

collegebatch.com

**2.** *Assertion (A) :* Interest on partners' loan is debited to Profit and Loss Account.

*Reason (R) :* Interest on partners' loan is a charge against profits.

On the basis of the above Assertion (A) and Reason (R), choose the correct option from the following : *1*

(a) Assertion (A) is correct and Reason (R) is wrong.

(b) Assertion (A) is wrong and Reason (R) is correct.

(c) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct.

(d) Both Assertion (A) and Reason (R) are wrong.

**3.** Gopal, Krishna and Govind are partners sharing profits and losses in the ratio of 5 : 4 : 3. Krishna retired on 1st April, 2022. Gopal and Govind purchased her share of profit by giving her ₹ 1,20,000, ₹ 80,000 being paid by Gopal and ₹ 40,000 by Govind. The gaining ratio will be : *1*

(a) 5 : 3 (b) 4 : 3

(c) 1 : 1 (d) 2 : 1

**4.** (i) Keshav and Karan were partners in a firm sharing profits equally. The capitalised value of average profits of the firm was ₹ 18,00,000. Assets of the firm were ₹ 20,00,000 (excluding goodwill) and Liabilities were ₹ 5,00,000. The value of goodwill of the firm by capitalisation of average profits method will be : *1*

(a) ₹ 2,00,000 (b) ₹ 3,00,000

(c) ₹ 4,00,000 (d) ₹ 3,50,000

**OR**

(ii) A and B were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1st April, 2021 the balances in their capital accounts were ₹ 1,50,000 and ₹ 2,00,000 respectively. The partnership deed provided that interest on partners capital will be allowed @ 10% per annum. During the year ended 31st March, 2022, the firm incurred a loss of ₹ 10,000. Interest on A's capital will be : *1*

(a) ₹ 15,000 (b) ₹ 9,000

(c) Nil (d) ₹ 6,000

5. (i) __________ साझेदारों के मध्य साझेदारी व्यवसाय को चलाने का आधार है । *1*

(a) प्रस्ताव (b) अनुबंध

(c) समझ (d) स्वीकार्यता

**अथवा**

(ii) विद्यमान साझेदारों के बीच लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के समय साझेदारों के पूँजी खातों में 'संचयों' को निम्नलिखित अनुपात में हस्तान्तरित किया जाता है : *1*

(a) त्याग अनुपात

(b) अधिलाभ अनुपात

(c) पुराना लाभ विभाजन अनुपात

(d) नया लाभ विभाजन अनुपात

6. (i) सनबीम लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 20,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर किया जाना है । 'ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि खाते' के नाम पक्ष में खतौनी की जाएगी : *1*

(a) ₹ 3,00,000

(b) ₹ 2,00,000

(c) ₹ 1,00,000

(d) ₹ 22,00,000

**अथवा**

(ii) नरगिस लिमिटेड ने गौरी लिमिटेड से ₹ 8,00,000 की परिसम्पत्तियों का क्रय किया तथा ₹ 2,00,000 की देयताएँ लीं । भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 8% ऋणपत्रों को 20% अधिमूल्य पर निर्गमन करके किया जाएगा । निर्गमित किए जाने वाले ऋणपत्रों की संख्या होगी : *1*

(a) 50,000

(b) 5,000

(c) 6,000

(d) 6,00,000

**5.** (i) _______ is the basis of relationship between the partners to run the partnership business. *1*

(a) Offer (b) Agreement

(c) Understanding (d) Acceptance

**OR**

(ii) At the time of change in profit sharing ratio among existing partners, 'Reserves' are transferred to Partners' Capital Accounts in the following ratio : *1*

(a) Sacrificing ratio

(b) Gaining ratio

(c) Old profit sharing ratio

(d) New profit sharing ratio

**6.** (i) Sunbeam Ltd. issued 20,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 5%. The 'Loss on Issue of Debentures Account' will debited by : *1*

(a) ₹ 3,00,000

(b) ₹ 2,00,000

(c) ₹ 1,00,000

(d) ₹ 22,00,000

**OR**

(ii) Nargis Ltd. purchased assets of ₹ 8,00,000 and took over liabilities of ₹ 2,00,000 from Gauri Ltd. The payment was made by issue of 8% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 20%. Number of debentures issued will be : *1*

(a) 50,000

(b) 5,000

(c) 6,000

(d) 6,00,000

**7.** (i) महक तथा रवीश एक फर्म में साझेदार थे । फर्म के विघटन के समय महक द्वारा फर्म को दिया गया ऋण ₹ 30,000 था, रवीश द्वारा दिया गया ऋण ₹ 15,000 था तथा श्रीमति रवीश द्वारा दिया गया ऋण ₹ 10,000 था । सर्वप्रथम भुगतान किया जाएगा : *1*

(a) रवीश के ऋण का

(b) महक के ऋण का

(c) श्रीमति रवीश के ऋण का

(d) महक के ऋण तथा रवीश के ऋण का उनकी ऋण राशि के अनुपात में

**अथवा**

(ii) सुरभि तथा लीना एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । आशी को फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । आशी ने अपने भाग का $\frac{3}{5}$ भाग सुरभि से ग्रहण किया । निम्नलिखित में से आशी ने कितना भाग लीना से ग्रहण किया : *1*

(a) $\frac{1}{10}$ (b) $\frac{3}{20}$

(c) $\frac{2}{5}$ (d) $\frac{3}{8}$

**8.** सनबीम लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 6% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 95 प्रति ऋणपत्र पर किया । 6% ऋणपत्र खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाएगी : *1*

(a) ₹ 3,80,000

(b) ₹ 4,40,000

(c) ₹ 4,00,000

(d) ₹ 20,000

**9.** विक्रम तथा सुमित एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । सभी समायोजनों के पश्चात् विक्रम तथा सुमित की पूँजी क्रमशः ₹ 50,000 तथा ₹ 40,000 थीं । उन्होंने जयन्त को लाभों में $\frac{1}{3}$ भाग के लिए फर्म में साझेदार के रूप में प्रवेश दिया । जयन्त फर्म में आनुपातिक पूँजी लाया । जयन्त द्वारा लाई गई पूँजी की राशि थी : *1*

(a) ₹ 45,000 (b) ₹ 30,000

(c) ₹ 60,500 (d) ₹ 90,000

7. (i) Mehak and Ravish were partners in a firm. On dissolution of the firm, the loan given by Mehak to the firm was ₹ 30,000, by Ravish was ₹ 15,000, and by Mrs. Ravish was ₹ 10,000. The first payment will be made for : *1*

(a) Ravish's loan

(b) Mehak's loan

(c) Mrs. Ravish's loan

(d) Mehak's loan and Ravish's loan in the ratio of their loan amount

**OR**

(ii) Surbhi and Leena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. Ashi was admitted as a new partner for $\frac{1}{4}$ share in the profits of the firm. Ashi acquired $\frac{3}{5}$ of her share from Surbhi. From the following, how much share did Ashi acquire from Leena : *1*

(a) $\frac{1}{10}$ (b) $\frac{3}{20}$

(c) $\frac{2}{5}$ (d) $\frac{3}{8}$

8. Sunbeam Limited issued 4,000, 6% Debentures of ₹ 100 each at ₹ 95 per debenture. 6% Debentures account will be credited by : *1*

(a) ₹ 3,80,000

(b) ₹ 4,40,000

(c) ₹ 4,00,000

(d) ₹ 20,000

9. Vikram and Sumit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. The capitals of Vikram and Sumit after all adjustments were ₹ 50,000 and ₹ 40,000 respectively. They admitted Jayant as a partner for $\frac{1}{3}$ share in the profits of the firm. Jayant brought proportionate capital in the firm. The amount of capital brought in by Jayant was : *1*

(a) ₹ 45,000 (b) ₹ 30,000

(c) ₹ 60,500 (d) ₹ 90,000

collegebatch.com

*निम्नलिखित काल्पनिक स्थिति को पढ़िए तथा इसमें दी गई सूचना के आधार पर प्रश्न संख्या **10** तथा **11** के उत्तर दीजिए :*

अनु, चारु तथा दिव्या साझेदार हैं तथा 2 : 1 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं । उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000, ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थीं । अनु ने व्यक्तिगत रूप से यह गारंटी दी कि किसी भी वर्ष में दिव्या के लाभ का भाग सभी साझेदारों को 5% प्रति वर्ष की दर से पूँजी पर ब्याज देने के बाद ₹ 75,000 से कम नहीं होगा । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ ₹ 2,00,000 था ।

**10.** गारंटी की राशि का समायोजन करने के पश्चात् साझेदारों के बीच विभाजित की जाने वाली अंतिम लाभ की राशि होगी : *1*

(a) अनु ₹ 50,000; चारु ₹ 25,000; दिव्या ₹ 75,000

(b) अनु ₹ 55,000; चारु ₹ 30,000; दिव्या ₹ 65,000

(c) अनु ₹ 57,000; चारु ₹ 28,000; दिव्या ₹ 65,000

(d) अनु ₹ 45,000; चारु ₹ 30,000; दिव्या ₹ 75,000

**11.** दिव्या की गारंटी की राशि निम्नलिखित राशि से कम है : *1*

(a) ₹ 75,000 (b) ₹ 5,000

(c) ₹ 15,000 (d) ₹ 20,000

**12.** एक फर्म की औसत विनियोजित पूँजी ₹ 1,60,000 है । सामान्य प्रत्याय दर 15% है तथा इसके औसत लाभ ₹ 60,000 हैं । औसत लाभों के पूँजीकरण विधि द्वारा ख्याति का मूल्य है : *1*

(a) ₹ 16,40,000 (b) ₹ 4,00,000

(c) ₹ 2,40,000 (d) ₹ 14,40,000

**13.** एक्स लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 100 अंशों का हरण कर लिया जिन पर ₹ 8 प्रति अंश माँगे गए थे तथा जिन पर ₹ 5 प्रति अंश (₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम सहित) की आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया गया था । इन अंशों में से 70 अंशों को ₹ 10 प्रति अंश, ₹ 8 याचित की दर से अशोक को पुनः निर्गमित कर दिया गया । हरण पर 'अंश हरण खाते' में खतौनी की जाएगी : *1*

(a) जमा पक्ष में ₹ 700 से

(b) नाम पक्ष में ₹ 500 से

(c) जमा पक्ष में ₹ 500 से

(d) नाम पक्ष में ₹ 200 से

*Read the following hypothetical situation and answer questions number **10** and **11** on the basis of information given :*

Anu, Charu and Divya are partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1 : 2. Their capitals were ₹ 5,00,000, ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. Anu personally guaranteed that in any year, Divya's share of profit after allowing interest on capital to all partners @ 5% p.a. would not be less than ₹ 75,000. The profit for the year ending $31^{st}$ March, 2022 amounted to ₹ 2,00,000.

**10.** The final amount of profit distributed among the partners after adjustment of guaranteed amount will be : *1*

(a) Anu ₹ 50,000; Charu ₹ 25,000; Divya ₹ 75,000

(b) Anu ₹ 55,000; Charu ₹ 30,000; Divya ₹ 65,000

(c) Anu ₹ 57,000; Charu ₹ 28,000; Divya ₹ 65,000

(d) Anu ₹ 45,000; Charu ₹ 30,000; Divya ₹ 75,000

**11.** Divya's amount of guarantee is short by the following amount : *1*

(a) ₹ 75,000 (b) ₹ 5,000

(c) ₹ 15,000 (d) ₹ 20,000

**12.** Average capital employed in a firm is ₹ 1,60,000. The normal rate of return is 15% and its average profits are ₹ 60,000. Value of goodwill by capitalisation of average profits method is : *1*

(a) ₹ 16,40,000 (b) ₹ 4,00,000

(c) ₹ 2,40,000 (d) ₹ 14,40,000

**13.** X Ltd. forfeited 100 shares of ₹ 10 each, ₹ 8 called-up for non-payment of allotment money of ₹ 5 per share (including premium of ₹ 2 per share). Out of these, 70 shares were reissued to Ashok as ₹ 8 called-up, for ₹ 10 per share. On forfeiture, 'Share Forfeiture Account' will be : *1*

(a) Credited by ₹ 700

(b) Debited by ₹ 500

(c) Credited by ₹ 500

(d) Debited by ₹ 200

**14.** अयाचित पूँजी का वह भाग जिसे कंपनी केवल कंपनी के विघटन के समय ही माँगती है, कहलाती है : *1*

(a) संचित पूँजी

(b) पूँजी संचय

(c) अयाचित पूँजी

(d) अदत्त पूँजी

**15.** यदि एक साझेदार द्वारा एक निश्चित राशि का आहरण प्रत्येक माह के प्रारम्भ में किया जाता है, तो कुल राशि पर 'आहरण पर ब्याज' की गणना की जाएगी : *1*

(a) 7 माह के लिए

(b) 6 माह के लिए

(c) $5\frac{1}{2}$ माह के लिए

(d) $6\frac{1}{2}$ माह के लिए

**16.** अदिति तथा बॉबी साझेदार थे तथा प्रत्येक की पूँजी ₹ 30,000 थी । उन्होंने चेतन को फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया । चेतन अपनी पूँजी के रूप में ₹ 48,000 लाया । चेतन के प्रवेश के समय फर्म का लाभ-हानि खाता ₹ 24,000 का जमा शेष दर्शा रहा था । चेतन के प्रवेश पर फर्म की ख्याति का मूल्य होगा : *1*

(a) ₹ 40,000

(b) ₹ 60,000

(c) ₹ 75,000

(d) ₹ 30,000

**17.** (क) एम लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 8% ऋणपत्रों को 6% बट्टे पर निर्गमित किया । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था : ₹ 60 आवेदन पर तथा शेष आबंटन पर । सभी राशि विधिवत् प्राप्त हो गई ।
एम लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) एक कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के पूर्णत: याचित 4,000 अंशों, जिन पर ₹ 3 प्रति अंश की आवेदन राशि का भुगतान किया गया था, का हरण कर लिया । इनमें से 2,000 अंशों को पूर्ण प्रदत्त ₹18,000 पर पुन:निर्गमित कर दिया गया ।
उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**14.** A portion of the uncalled capital to be called only in the event of winding up of the company is termed as : *1*

(a) Reserve Capital

(b) Capital Reserve

(c) Uncalled Capital

(d) Unpaid Capital

**15.** If a fixed amount is withdrawn by a partner at the beginning of each month, 'interest on drawings' on the total amount will be calculated for : *1*

(a) 7 months (b) 6 months

(c) $5\frac{1}{2}$ months (d) $6\frac{1}{2}$ months

**16.** Aditi and Bobby were partners with capitals of ₹ 30,000 each. They admitted Chetan as a new partner for $\frac{1}{4}$ share in the profits of the firm. Chetan brought ₹ 48,000 as his capital. On Chetan's admission, the Profit and Loss Account of the firm showed a credit balance of ₹ 24,000. Value of goodwill of the firm on Chetan's admission will be : *1*

(a) ₹ 40,000

(b) ₹ 60,000

(c) ₹ 75,000

(d) ₹ 30,000

**17.** (a) M Ltd. issued 10,000, 8% Debentures of ₹ 100 each at 6% discount. The amount was payable as ₹ 60 on application and the balance on allotment. All money was duly received.
Pass necessary journal entries in the books of M Ltd. *3*

**OR**

(b) A company forfeited 4,000 shares of ₹ 10 each fully called-up, on which application money of ₹ 3 each has been paid. Out of these, 2,000 shares were reissued as fully paid up for ₹18,000.
Pass necessary journal entries for above transactions. *3*

**18.** (क) रमन, मनन तथा नमन साझेदार थे तथा 2 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । रमन ने प्रति माह ₹ 3,000 तथा मनन ने प्रति माह ₹ 4,000 का आहरण किया । आहरण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज लगाया गया जबकि साझेदारी संलेख आहरण पर ब्याज के विषय में मौन था ।

अपने कार्य को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए, त्रुटि को शुद्ध करने हेतु आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) अरुन तथा बरुन साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 50,000 तथा ₹ 30,000 थीं । साझेदारी संलेख में पूँजी पर 6% वार्षिक दर से अरुन तथा बरुन को ब्याज देने का तथा बरुन को ₹ 1,000 के त्रैमासिक वेतन देने का प्रावधान था । 1 अक्टूबर, 2021 को अरुन ने ब्याज के बारे में किसी समझौते के बिना फर्म को ₹ 1,00,000 का ऋण दिया । वर्ष 2021 – 22 में अर्जित लाभ ₹ 26,800 थे ।

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । *3*

**19.** कनक, कमल तथा कान्हा एक फर्म में साझेदार हैं । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000, ₹ 10,00,000 तथा ₹ 15,00,000 थीं । वे अपनी स्थायी पूँजी के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । फर्म प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को अपनी पुस्तकें बंद करती है । 30 सितम्बर, 2021 को कनक की मृत्यु हो गई । लाभ में कनक के भाग की गणना पिछले स्थिति विवरण की तिथि से मृत्यु की तिथि तक विक्रय के आधार पर की जाएगी । वर्ष 2020 – 21 का विक्रय तथा लाभ क्रमशः ₹ 20,00,000 तथा ₹ 2,00,000 था । 1 अप्रैल, 2021 से 30 सितम्बर, 2021 तक विक्रय ₹ 6,00,000 था ।

(i) कनक के लाभ के भाग की गणना कीजिए ।

(ii) लाभ में कनक के भाग के लेखांकन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *3*

**20.** सनी, वैभव तथा मीता एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2022 को सनी सेवानिवृत्त हो गया । पुनर्मूल्यांकन, ख्याति तथा संचित लाभों आदि से संबंधित सभी समायोजनों को करने के पश्चात् वैभव तथा मीता के पूँजी खाते क्रमशः ₹ 1,00,000 तथा ₹ 50,000 का जमा शेष दर्शा रहे थे । यह निर्णय लिया गया कि वैभव तथा मीता की पूँजी को उनके नए लाभ-विभाजन अनुपात में समायोजित किया जाए ।

साझेदारों की नई पूँजी की गणना कीजिए तथा साझेदारों द्वारा आवश्यक राशि लाने अथवा उसको निकालने की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**18.** (a) Raman, Manan and Naman were partners sharing profit in the ratio of 2 : 1 : 1. Raman withdrew ₹ 3,000 every month and Manan withdrew ₹ 4,000 every month. Interest on drawings @ 6% p.a. was charged whereas the partnership deed was silent about interest on drawings.

Showing your working clearly, pass the necessary adjustment entry to rectify the error. *3*

**OR**

(b) Arun and Barun were partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their capitals were ₹ 50,000 and ₹ 30,000 respectively. Partnership deed provided for interest on capital @ 6% p.a. to Arun and Barun and quarterly salary of ₹ 1,000 to Barun. Arun had given a loan of ₹ 1,00,000 on 1st October, 2021 to the firm without any agreement about interest. For the year 2021 – 22, the profits earned were ₹ 26,800.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of the firm for the year ended 31st March, 2022. *3*

**19.** Kanak, Kamal and Kanha are partners in a firm. Their fixed capitals were ₹ 5,00,000, ₹ 10,00,000 and ₹ 15,00,000 respectively. They share profits in the ratio of their fixed capitals. Firm closes its books of accounts on 31st March every year. Kanak died on 30th September, 2021. Kanak's share of profit till the date of death from the last Balance Sheet date, was to be calculated on the basis of sales. Sales and Profit for the year 2020 – 21 were ₹ 20,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. Sales from 1st April, 2021 to 30th September, 2021 were ₹ 6,00,000.

(i) Calculate Kanak's share of profit.

(ii) Pass necessary journal entry to record Kanak's share of profit. *3*

**20.** Sunny, Vaibhav and Mita were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Sunny retired on 31st March, 2022. After making all adjustments relating to revaluation, goodwill and accumulated profit, etc. the capital accounts of Vaibhav and Mita showed a credit balance of ₹ 1,00,000 and ₹ 50,000 respectively. It was decided to adjust the capitals of Vaibhav and Mita in their new profit sharing ratio.

Calculate the new capitals of the partners and pass necessary journal entries for bringing in or withdrawal of the necessary amounts by the partners. *3*

**21.** रवि, कवि तथा चांद साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2022 को रवि, कवि तथा चांद का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | | 70,000 | भूमि तथा भवन | | 3,50,000 |
| चांद का ऋण | | 20,000 | स्टॉक | | 3,00,000 |
| श्रीमति चांद का ऋण | | 20,000 | देनदार | 2,00,000 | |
| पूँजी : | | | घटा प्रावधान | 10,000 | 1,90,000 |
| रवि | 4,00,000 | | रोकड़ | | 70,000 |
| कवि | 3,00,000 | | | | |
| चांद | 1,00,000 | 8,00,000 | | | |
| | | 9,10,000 | | | 9,10,000 |

उपर्युक्त तिथि को फर्म का विघटन हो गया ।

(i) भूमि तथा भवन एवं स्टॉक को ₹ 6,00,000 में बेच दिया गया । देनदारों से पुस्तक मूल्य से 10% कम की वसूली हुई ।

(ii) श्रीमति चांद के ऋण का निपटान उन्हें ₹ 22,000 का एक कम्प्यूटर देकर किया गया जिसका लेखा पुस्तकों में नहीं था ।

(iii) रवि ने ₹ 30,000 की राशि के एक लेनदार का निपटान उसे ₹ 20,000 का भुगतान करके किया ।

(iv) शेष लेनदारों को नकद भुगतान कर दिया गया ।

वसूली खाता तैयार कीजिए । *4*

collegebatch.com

21. Ravi, Kavi and Chand were partners sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31st March, 2022, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Ravi, Kavi and Chand as on 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 70,000 | Land and Building | | 3,50,000 |
| Chand's Loan | | 20,000 | Stock | | 3,00,000 |
| Mrs. Chand's Loan | | 20,000 | Debtors | 2,00,000 | |
| Capitals : | | | Less provision | 10,000 | 1,90,000 |
| Ravi | 4,00,000 | | Cash | | 70,000 |
| Kavi | 3,00,000 | | | | |
| Chand | 1,00,000 | 8,00,000 | | | |
| | | 9,10,000 | | | 9,10,000 |

The firm was dissolved on the above date.

(i) Land and Building and Stock were sold for ₹ 6,00,000. Debtors were realised at 10% less than the book value.

(ii) Mrs. Chand's loan was settled by giving her a computer of ₹ 22,000 not recorded in the books.

(iii) Ravi paid off one of the creditors ₹ 20,000 in settlement of his amount of ₹ 30,000.

(iv) Remaining creditors were paid in cash.

Prepare Realisation Account. *4*

**22.** 1 अप्रैल, 2021 को प्रभा लिमिटेड की स्थापना ₹ 100 प्रत्येक के 90,000 समता अंशों में विभक्त ₹ 90,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ हुई । कंपनी ने 80,000 समता अंशों के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर : ₹ 30 प्रति अंश

आबंटन पर : ₹ 40 प्रति अंश

प्रथम तथा अंतिम याचना पर : शेष राशि

1,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 20,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई । सभी याचनाएँ माँग ली गईं । 600 अंशों के एक अंशधारक ने प्रथम तथा अंतिम याचना का भुगतान नहीं किया ।

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार 'अंश पूँजी' को कंपनी के 31 मार्च, 2022 के स्थिति विवरण में दर्शाइए । इसी के लिए 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । *4*

**23.** (क) क तथा ख साझेदार, जो 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे, का 31 मार्च, 2022 को स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2022 को क तथा ख का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 30,000 | बैंक में रोकड़ | | 20,000 |
| निवेश उतार-चढ़ाव कोष | | 12,000 | देनदार | 85,000 | |
| सामान्य संचय | | 25,000 | घटा प्रावधान | 5,000 | 80,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | | 1,30,000 |
| क | 1,60,000 | | निवेश | | 60,000 |
| ख | 1,40,000 | 3,00,000 | फर्नीचर | | 77,000 |
| | | 3,67,000 | | | 3,67,000 |

1 अप्रैल, 2022 को उन्होंने लाभ में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए ग को निम्नलिखित शर्तों पर एक नया साझेदार बनाने का निर्णय किया :

(i) ग अपनी पूँजी के लिए ₹ 1,00,000 तथा ख्याति के अपने भाग के लिए ₹ 50,000 ख्याति प्रीमियम लाएगा ।

collegebatch.com

**22.** On 1st April, 2021, Prabha Ltd. was formed with an authorised capital of ₹ 90,00,000 divided into 90,000 equity shares of ₹ 100 each. The company invited applications for 80,000 equity shares. The amount was payable as follows :

On application : ₹ 30 per share

On allotment : ₹ 40 per share

On first and final call : Balance amount

Applications for 1,00,000 shares were received. Applications for 20,000 shares were rejected and the application money was refunded. All calls were made. A shareholder holding 600 shares did not pay the first and final call.

Present the 'Share Capital' in the Balance Sheet of the company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013 as at 31st March, 2022. Also prepare 'Notes to Accounts' for the same. *4*

**23.** (a) On 31st March, 2022 the Balance Sheet of partners A and B, who were sharing profits in the ratio of 3 : 2 was as follows :

**Balance Sheet of A and B as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 30,000 | Cash at Bank | | 20,000 |
| Investment Fluctuation Fund | | 12,000 | Debtors | 85,000 | |
| General Reserve | | 25,000 | Less provision | 5,000 | 80,000 |
| Capitals : | | | Stock | | 1,30,000 |
| A | 1,60,000 | | Investments | | 60,000 |
